CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:28 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 38 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 24 जुलाई 2024

लंदन शिफ्ट होने की अफवाहों...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के दो पदाधिकारी निष्कासित

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी के प्रभारी अतुल गुप्ता व महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल शर्मा को संगठन विरोधी गतिविधियों के कारण संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने तत्काल प्रभाव से दोनों पदाधिकारियों को संगठन से निष्कासित कर दिया है। यह जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने बताया कि अनुशासनहीन लोगों के लिए संगठन में कोई जगह नहीं है।

## विकास प्राधिकरण के दो जेई के तबादले




**हल्द्वानी।** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व जिलाधिकारी के निर्देश पर दो अवर अभियंताओं के तबादले किये गये हैं। इस संबंध में प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ल की ओर से आदेश जारी कर दिये गये हैं। इसके तहत प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी में तैनात जेई अंकित सिंह बोरा को भीमताल भेजा गया है, जबकि भीमताल में तैनात अवर अभियंता रघुवीर लाल भारती का हल्द्वानी तबादला किया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने हल्द्वानी प्राधिकरण कार्यालय में छापेमारी कर तमाम अनियमितताएं पकड़ी थी। इस दौरान एक भवन स्वामी ने जेई अंकित बोरा पर अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाते हुए कुमाऊं कमिश्नर से शिकायत भी की थी। माना जा रहा है कि तबादले की प्रमुख वजह यही है।

# चमोली और बागेश्वर में भारी बारिश का अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों ने तेज बारिश के दौरान दिन और रात के समय अधिक सतर्क रहने की हिदायत दी है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज (बुधवार) भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने



हिदायत देते हुए कहा कि बारिश के दौरान दिन के साथ रात के समय भी सतर्क रहें। खासकर संवेदनशील इलाकों में जहां भूस्खलन और चट्टान गिरने का अधिक खतरा है। देहरादून नगर निगम वार्डों में नालियों की सफाई नहीं कर सका है। बरसात होने पर पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस रहा है। कौलागढ़ वार्ड के प्रेमपुरमाफी में जलभराव की समस्या हो रही है। थोड़ी सी बारिश में पूरी गली तालाब में तब्दील हो जाती है। पानी की निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। बरसात में गली में पानी भरा रहता है। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद जोशी ने इस समस्या के समाधान के लिए डीएम को पत्र लिखकर अवगत कराया।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बुधवार सुबह बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इससे अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बुधवार बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सुबह-सुबह बारिश से मौसम सुहाना बन गया। इससे पहले मंगलवार को जहां कई इलाकों में हल्की बारिश देखी गई थी।

विमान में 19 लोग थे सवार

# काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान क्रैश, 18 की मौत

**काठमांडू**
एजेंसी

नेपाल की राजधानी काठमांडू में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक विमान क्रैश हो गया। इसमें 19 लोग सवार थे। बताया गया है कि विमान रनवे से फिसल गया और बाहर जाकर क्रैश हो गया।

नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत की बात सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर



बचाव अभियान चला रहे हैं।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद हुए थे। जहाज के कैप्टन एमआर शाक्य को अस्पताल ले जाया गया है। हवाई अड्डे पर धुएं का घना गुबार देखा गया। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। हादसे के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एहतियातन बंद कर दिया गया है।

बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे।

# रेलवे अपना प्लान बताये जो हटेंगे उनको कहां बसाओगे: सुप्रीम कोर्ट

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने ये बात आज बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण हटाने को लेकर कहा कि रेलवे अपना प्लान बताये जो हटेंगे उनको कहां बसाओगे। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात आज बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण हटाने को लेकर बड़ी बात कही है और रेलवे से चार सप्ताह में प्लान मांगा है और अगली तारीख 11 सितम्बर है।

हल्द्वानी में रेलवे की जमीन खाली कराने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश- यह आवेदन केंद्र सरकार द्वारा 2023 में पारित अंतरिम आदेश में संशोधन के लिए दायर किया गया, क्योंकि विवाद में भूमि के एक हिस्से में रेलवे ट्रैक और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता बताई गई है। अदालत ने केंद्र सरकार की दलीलों को दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि स्टेशन के विस्तार के लिए अतिक्रमित भूमि की आवश्यकता है। इन सुविधाओं के बिना हल्द्वानी रेलवे स्टेशन को चालू नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान रेलवे के स्वामित्व वाली लगभग 30.04 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण होने का दावा किया गया है। कथित तौर पर इस स्थल पर 50,000 से अधिक लोग 4,365 घरों में रहते हैं। सुनवाई के दौरान भूमि के एक हिस्से की तत्काल आवश्यकता को प्रदर्शित करने के लिए कुछ वीडियो और तस्वीरें संदर्भित की गईं, जहां अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे के अलावा निष्क्रिय रेलवे लाइन को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि सैकड़ों परिवार एक दशक से रह रहे हैं, जिस पर केंद्र और राज्य सरकार को निर्देश दिया। उन परिवारों की पहचान करना जिनके प्रभावित होने की संभावना है प्रस्तावित स्थल जहां ऐसे प्रभावित लोगों का पुनर्वास किया जा सके। केंद्र और राज्य स्तर पर नीतिगत निर्णय की आवश्यकता है।

मुख्य सचिवों को रेलवे अधिकारियों और केंद्रीय मंत्रालय के साथ बैठक बुलाने का निर्देश देते हैं। पुनर्वास योजना लायी जाए जो उचित, न्यायसंगत और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। पहला ये कि जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है, उसकी पहचान की जाए। इसी तरह जिन परिवारों के प्रभावित होने की संभावना है, उनकी तुरंत पहचान की जाए। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी।

# सिडकुल में वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार सिडकुल कर्मी की मृत्यु, चालक मौके से फरार

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

सिडकुल क्षेत्र में वाहन ने स्कूटी सवार सिडकुल कर्मी को पीछे से टक्कर मार दी। वाहन स्कूटी सवार को काफी दूर तक रौंदते हुए ले गया। स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। इससे उसकी मृत्यु हो गई।इंदिरा कालोनी निवासी 55 वर्षीय जगदीश कुमार गाबड़ी पुत्र स्वर्गीय हंस राज गाबड़ी सिडकुल की एक कंपनी में काम करते थे। रोजाना की तरह बुधवार को भी वह सुबह करीब साढ़े छह बजे ड्यूटी के लिए स्कूटी से निकले। जैसे ही वह सिडकुल ब्रिटानिया चौक पर पहुंचे थे पीछे से आ रहा वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद वह स्कूटी सहित गिर गए और पिछले टायर की चपेट में आ गए। घटना इतनी दर्दनाक थी की स्कूटी सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। चालक मौके से वाहन छोड़ कर भाग गया। सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक को दो बेटे हैं। परिवार के लोग भी पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

# कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक दहशतगर्द ढेर

**जम्मू**
एजेंसी

जम्मू-कश्मीर को कुपवाड़ा क्षेत्र में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने एक दहशतगर्द को मार गिराया है।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में मंगलवार रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। पूरे इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी घायल हुआ है।

भारतीय सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ऑपरेशन की जानकारी शेयर की। इससे पहले उत्तरी कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा के लोलाब में मंगलवार को सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबल इलाके की घेराबंदी कर



तलाशी अभियान चलाया। भारतीय सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा के कोवुत में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा 23 जुलाई को एक संयुक्त खोज अभियान शुरू किया गया था। 24 जुलाई को सतर्क सैनिकों द्वारा संदिग्ध गतिविधि देखी गई और चुनौती दी गई, जिसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। एक आतंकवादी को मार गिराया गया और एक एनसीओ घायल हो गया।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि लोलाब के त्रिमुखा टॉप क्षेत्र में सुरक्षाबलों को आतंकियों की मूवमेंट की सूचना मिली थी। इसके आधार पर कुपवाड़ा पुलिस ने सेना की 28 और 22 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी कर साझा तलाशी अभियान चलाया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग कर मौके से भागने की कोशिश की।

# परिवार को नशीला पदार्थ खिला नकदी व जेवर ले उड़े

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



किच्छा कोतवाली क्षेत्र भगवानपुर में बदमाश एक मकान में धावा बोल कर परिवार को नशीला पदार्थ खिला नकदी और जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह परिवार के लोगो के बेहोश मिलने पर हड़कंप मच गया। परिवार के लोगो को सीएचसी में भर्ती करवाया।

जहा से उनको रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि भगवानपुर किच्छा निवासी लाभ सिंह पुत्र सत्तार सिंह का परिवार बुधवार सुबह जब सोकर नही उठा तो पड़ोस के लोगो को शक हुआ। पड़ोसी उनके घर में पहुंचे तो परिवार के सभी 10 लोग लाभ सिंह सहित बेहोश पड़े थे। उनके घर की हालत ये थी कि पूरा घर खंगाल दिया हो। पड़ोसी घर का माजरा देख दंग रह गए। मौके पर आपातकाल सेवा 108 बुला कर सभी को सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया गया। सूचना पर पुलिस भी हरकत में आ गयी। बताया जा रहा है कि चिकित्सकों की टीम उनके उपचार में लग गयी। बाद में उनको रेफर कर दिया गया। बदमाश घर से सोने व चांदी के जेवर सहित हजारों की नकदी ले उड़े। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि पुलिस बदमाशों की जानकारी जुटाने में लग गयी है। सीसीटीवी फुटेज भी देख रही है। फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं। उधर इस घटना को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

**घटना**

- भगवानपुर में बदमाशों ने एक मकान पर बोला धावा
- सभी को उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया,मामला कोतवाली किच्छा क्षेत्र का

## ट्रांजिट कैंप ने गोलीकांड में घायल युवक के पिता की तहरीर पर अरविंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस के मुताबिक प्रताप पुत्र सोमपाल निवासी आजादनगर वार्ड 7 थाना ट्रांजिट कैंप ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 20 जुलाई 24 को लगभग 5 बजे पुत्र विशाल घर के पास मन्दिर पर खडा था। तभी पुत्र को अरविन्द निवासी आजादनगर थाना ट्रांजिट कैम्प ने अपने घर पर बुलाया घर पर अरविन्द के साथ एक लडका व अरविन्द की साली मुन्नी और एक बच्ची भी थी मेरा पुत्र अरविन्द घर से बाहर आया तो सुमित नाम के लडके ने मुझे बताया कि विशाल को गोली लग गयी है और विशाल को जिला अस्पताल ले गये। डाक्टरों ने विशाल को सुशीला तिवारी के लिये रेफर कर दिया। विशाल को बरेली ले जाया गया। पुत्र का आपरेशन हो गया। पेट से एक गोली निकली है। बताया कि एक गोली पेट से आर- पार हो गयी थी। घायल के पिता ने अरविंद के खिलाफ कार्वाई की मांग की। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को जल्दी पकड़ लिया जाएगा।



## वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**भवाली/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भवाली के वरिष्ठ भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहन बिष्ट के आसामयिक देहांत पर आज टीआरसी में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। बिष्ट की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर बोलते हुए विभिन्न वक्ताओं ने बिष्ट समाज सेवा की खुले मन से तारीफ करते हुए और बहू आयमी व्यक्तित्व का धनी बताया दुखी और परेशान लोगों के लिए की साथ खड़ा होकर उनको अपनी पूरी मदद करते थे। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या भाजपा गरमपानी मंडल के अध्यक्ष सोबन सिंह बिष्ट वन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी भाजपा नेता हेम आर्य व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे भाजपा नेता पंकज भाकुनी निर्मल कांडपाल कंचन शाह भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रकाश आर्य प्रगति जैन वर्षा आर्य दिनेश जोशी एडवोकेट हेम पाठक युस सिजवाली रोहित आर्य शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित है।

## बंदरों के आतंक से लोग परेशान, पिंजरा लगा 100 से ज्यादा बंदर पकड़े

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में इन दिनों बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन घर व सडक् में बंदर लोगों को काट रहे हैं। लोगों की शिकायत के बाद अब तक वन विभाग की ओर से 100 से ज्यादा बंदर पकड़ लिए हैं। विभाग की ओर से कई क्षेत्रों में पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है।

बता दें कि नैनीताल में लावारिश कुत्तों के बाद अब लोग बंदरों से परेशान हो चुके हैं। आए दिन घरों में घुसकर व सड़कों पर बंदर लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। यही नहीं बंदर घरों में घुसकर खाने का सामान भी उठा कर ले जा रहे हैं। जिससे लोगों में बंदरों को देख भय बना हुआ है। लोगों की शिकायत के बाद वन विभाग नैनीताल शहर में अलग अलग स्थानों पर पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ रहा है। विभाग की ओर से



नैनीताल शहर में बीते 6 महिनों में रैमजे अस्पताल क्षेत्र, जू रोड, जिला कोर्ट परिसर, फ रिस्ट कंपाउंड, बिड़ला चुंगी क्षेत्र में पिंजरे लगाकर सौ से ज्यादा बंद र पकड़ लिए हैं। मामले में नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि विभाग की ओर से रविवार की शाम को भी 11 बंदर पकड़े हैं। जिनको रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। बताया कि लोगों की शिकायत के आधार पर कई क्षेत्रों में और पिंजरे लगाकर बंदरों को पकड़ा जाएगा।

## NEWS / फटाफट

### सहयोगी दलों को खुश करने का प्रयास है बजट



**नैनीताल।** कांग्रेसी नेता त्रिभुवन फर्त्याल ने वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट, बजट कम बल्कि केंद्र सरकार द्वारा अपनी सरकार को बचाने के लिए सहयोगी दलों को खुश करने का प्रयास अधिक प्रतीत होता है। मोदी सरकार 3.0 द्वारा संकल्प पत्र में एक तरफ किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती है, वही बजट में किसानों की आय दोगुनी करने का रोड मैप का अभाव नजर आता है। किसान सम्मान निधि की धनराशि को ना बढ़ाना, खेती किसानी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का काम मोदी सरकार ने किया है। कृषि क्षेत्र में लगभग 45 फीसद रोजगार प्रदत्त किए हुए हैं। इसके बावजूद इसके बजट में ना ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कुछ बोला गया और ना ही काश्तकारों हेतु सब्सिडी इत्यादि में कोई व्यवस्था की गयी है। उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार के बावजूद घोर निराशा हाथ लगी। ग्रीन बोनस जो कि हम उत्तराखंडियों का अधिकार है, पर पुन: छला गया। उन्होंने कुल मिलाकर बजट विशेषकर उत्तराखंड राज्य के परिपेक्ष्य में बेहद निराशाजनक बताया है।

### बेरोजगारी हटाने की दिशा में सराहनीय है बजट



नैनीताल। माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मण्डल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने केंद्रीय बजट को बेरोजगारी हटाने की दिशा में सराहनीय बताया है। मगर पर्यटन के प्रति उदासीन करार दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गये बजट मे सशक्त भारत बनाने की झलक इस बजट में भी मिलती है हालाँकि वर्तमान में बीते माह के केंद्रीय चुनाव तथा उसके पश्चात कुछ महत्वपूर्ण बातों पर विशेष ध्यान दिया गया है । देश के नौजवानों को एक वर्ष के लिए इंटर्नशिप को सराहनीय बताया है। इससे करोड़ों युवाओं को लाभ मिलेगा। साथ ही ट्रेनिंग के दौरान उनका आत्मविश्वास मिलेगा। मुद्रा लोन को 10 लाख से 20 लाख किया जाना एक अच्छा बड़ा और सराहनीय कदम है। इससे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। जी एस टी और इनकम टैक्स प्रणाली को और ज्यादा सरल तथा ज्यादातर मसलों को ऑनलाइन निबटाने की प्रक्रिया और सुचारू करना तथा रीअसेसमेंट को केवल तीन वर्षों के ऊपर के मामलों में एस्केप इनकम 50 लाख के ऊपर होने पर खोले जाने का कदम भी बेहद सराहनीय है। इससे छोटे और मझोले व्यवसायियों को काफ़ी राहत मिलेगी। मगर पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर रणनीति का स्पष्ट ना होना उत्तराखण्ड में खास तौर से मसूरी नैनीताल जैसे पर्यटन स्थानों के लिए और पर्यटन व्यापारियों के लिए निराशाजनक है।

### बजट में अनुभावात्मक शिक्षा व कौशल विकास पर जोर बनाना दिखाः समित टिक्कू



**हल्द्वानी।** शहर के जाने माने शिक्षाविद समित टिक्कू ने आम बजट 2024-25 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आज के बजट प्रस्तुति का उद्देश्य आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना दिखा। हालांकि बजट कुछ सकारात्मक पहल पेश करता है, लेकिन इसकी अपनी सीमाए और चुनौतियां भी हैं। सकारात्मक बातें जैसे संशोधित आयकर संरचना, व्यक्तियों के लिए कर बचत प्रदान करना, क्रेडिट गारंटी योजनाओं और रोजगार से जुड़े प्रोत्साहनों के माध्यम से एमएसएमई के लिए समर्थन, कम राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के साथ राजकोषीय अनुशासन कायम करने की कोशिश की गई है। समित टिक्कू ने कहा कि बेरोजगारी और ग्रामीण संकट, स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए बजट में कुछ महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देने की आवश्यकता थी। वहीं वैश्विक आर्थिक रुझानों पर निर्भरता विकास अनुमानों को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में शिक्षा क्षेत्र का आवंटन बढ़कर 1.48 लाख करोड़ हुआ है जो कि अच्छा कदम है। सरकार का अच्छा कदम है व्यावसायिक शिक्षा का मुख्य धारा की शिक्षा के साथ एकीकरण करना एक अच्छा प्रयास है। छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन पर भी जोर दिया गया है वहीं अनुभावात्मक शिक्षा और कौशल विकास पर जोर देने के साथ एनईपी को लागू करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## कूटा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी







**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय संघ कूटा ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से अर्थ शास्त्र विषय में डीएसबी के पांच विद्यार्थियों डॉक्टर सारिका वर्मा , नवीन राम, डॉक्टर मुक्ता कनवाल, डॉक्टर लता आर्य तथा डॉक्टर स्वाति टम्टा का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉक्टर सारिका वर्मा ,डॉक्टर मुक्ता कनवाल ,डॉक्टर लता डीन आर्ट्स प्री पदम सिंह बिष्ट के निर्देशन में शोध कर चुके है । डॉक्टर डीएसबी परिसर के अर्थ शास्त्र विभाग में पड़ा रहे है तथा दस साल तक होली एंजल स्कूल में प्रिंसिपल रही। नवीन राम नेट है तथा विभागाध्यक्ष प्री रजनीश पांडे के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे है । डॉक्टर स्वाति प्रो पंत की निर्देशन में शोध कर चुकी है। कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ,महासचिव डॉ.विजय कुमार, डॉ.संतोष कुमार, प्रो.नीलू लोधियाल , प्रो.अनिल बिष्ट, डॉ.दीपिका गोस्वामी, डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉ.दीपक कुमार,डॉ.दीपिका पंत, डॉ.सीमा चौहान एवम अर्थशास्त्र विभाग विभाग से प्रो पदम सिंह बिष्ट ,प्रो रजनीश पांडे ,डॉक्टर नंदन बिष्ट तथा निदेशक प्री नीता बोरा शर्मा , डीन एग्रीकल्चर प्रो जीत राम ,डीएस डबलू प्रो संजय पंत ,प्रॉक्टर प्रो हरीश बिष्ट ,प्रो सुषमा टम्टा ,प्रो गीता तिवारी ,कुमाऊं विश्वविद्यालय पुरातन सेल अध्यक्ष डॉ.बी एस कालकोटि, उपाध्यक्ष डॉ.एस एस सामंत , प्रो जीसी जोशी, प्रो ऊमा मेलकानिया ,महासचिव प्रो ललित तिवारी ने बधाई एवम उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# अभिमत



## वरदान है तकनीक

*एम्स दिल्ली में जिस तरह डैशबोर्ड के जरिये सभी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है, उसी तरह उत्तराखंड में किये जाने की जरूरत है। उत्तराखंड में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, ड्रोन और हेली एम्बुलेंस के जरिये पर्वतीय क्षेत्र की चिकित्सा सेवा का समाधान निकाला जा सकता है। उत्तराखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध उपकरण और दवाओं के लिए एकीकृत डैशबोर्ड बनाये जाने की जरूरत है। उत्तराखंड की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए तकनीक वरदान साबित हो सकती है।*

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के संबंध में पूरे विश्व में चर्चा हो रही है। एआई का दुरुपयोग होने की आशंका से लोग भयभीत हैं। उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि उत्तराखंड के विषम भौगोलिक क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए एआई और अन्य तकनीक का उपयोग जरूरी है। एम्स दिल्ली में जिस तरह डैशबोर्ड के जरिये सभी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है, उसी तरह उत्तराखंड में किये जाने की जरूरत है। उत्तराखंड में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, ड्रोन और हेली एम्बुलेंस के जरिये पर्वतीय क्षेत्र की चिकित्सा सेवा का समाधान निकाला जा सकता है। उत्तराखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध उपकरण और दवाओं के लिए एकीकृत डैशबोर्ड बनाये जाने की जरूरत है। उत्तराखंड की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए तकनीक वरदान साबित हो सकती है। सच यह है कि पर्वतीय क्षेत्र के ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक तक उपलब्ध नहीं हैं। उपकरण और दवाओं को डैशबोर्ड पर दर्शाने से काम नहीं चलेगा। राजधानी देहरादून और राज्य के अन्य महानगरों के स्वास्थ्य केन्द्रों में डैशबोर्ड पर उपकरण तथा दवाओं की जानकारी के साथ डाक्टरों का विवरण होने से मरीजों को सुविधा हो सकती है। शहरी क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या अधिक होती है। जांच की सुविधा होने के बावजूद लापरवाही के कारण मरीज निजी पैथोलॉजी सेंटर में जाने को मजबूर होते हैं। यह भी आरोप लगता है कि कमीशनखोरी के चलते बाहर से जांच कराई जाती है। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों में सस्ती जेनरिक दवा उपलब्ध हैं, लेकिन डाक्टर ब्रांडेड कंपनियों की महंगी दवा लिखते हैं। अस्पताल में उपलब्ध दवाएं सीमित हैं। अस्पताल से मिली दवा से फायदा नहीं होने पर मरीज स्वयं बाहर से दवा लिखने के लिए डाक्टर से कहते हैं। डैशबोर्ड पर अस्पताल की जानकारी के साथ ही पूरे उत्तराखंड के सभी सरकारी अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर डाक्टरों की नियुक्ति के लिए राज्यपाल को सरकार से कहना चाहिए। बड़े शहरों में निजी अस्पतालों की भरमार है। मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल खुलते जा रहे हैं। धनी वर्ग निजी अस्पताल को ही प्राथमिकता देता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कर्ज लेकर मजबूरी में निजी अस्पतालों में इलाज कराता है, क्योंकि उसे सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिलता है। आयुष्मान भारत कार्ड वरदान साबित हो रहा है। यदि सरकार सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड की सुविधा लागू कर दे और निजी अस्पतालों की फीस तथा अन्य खर्चे निर्धारित कर अधिकारियों को निगरानी सौंपी जाये तो चिकित्सा व्यवस्था में सुधार संभव है।

# एनएसीसी कैडेट्स ने 58 किलोमीटर की सेलिंग व बोटिंग की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिला मुख्यालय नैनीताल में 5 यूके नेवल यूनिट के एनसीसी कैडेटों के दस दिनी मोस्ट एंटर प्राइसिंग नेवल यूनिट (मेनू) शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को एनएसीसी कैडेट्स द्वारा 58 किलोमीटर की सेलिंग व बोटिंग पूर्ण की गयी।

बता दें कि मेनु प्रशिक्षण शिविर में 25 बालिका कैडेट्स सहित कुल 60 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर कमांडिंग आफि सर कैप्टन चंद्र विजय नेगी ने कहा कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स दस दिनों की अवधि में कैडेट्स 280 किलोमीटर से अधिक की दूरी नौकायन व पाल नौकायन के माध्यम से पूरी करेंगे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में है एनसीसी की 3 व्हेलर्स नौकाओं तथा 2 एंटरप्राइस नौकाओं के माध्यम से इस लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ साथ शिविर में विण्ड सर्फिंग और कयाकिंग प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। मेन्यू कैंप के दौरान ही विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे साथ ही ट्रैकिंग, बाधा प्रशिक्षण, रॉक क्लाइंबिंग तथा माउंटेनियरिंग जैसी साहसिक कार्यक्रमों को भी इस मेन्यू कैंप में शामिल किया गया है।

उन्होने कहा कि प्रशिक्षण शिविरों का मूल उद्देश्य कैडेट्स को एक व्यवस्थित जीवन शैली से परिचित कराना है और कैडेट्स में सौहार्द, टीमवर्क तथा नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा को विकसित करने में मदद करना है। कैडेट्स को शिविर में संस्थागत प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को व्यवहारिक रूप में उतारना और उस पर कार्य करने का अवसर प्रदान करना होता है। उन्होंने कहा कि यह शिविर हमारे कैडेट्स को चुनौतियों को स्वीकार करने और एक आशाजनक भविष्य की नींव बनाने की लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा इस अवसर भारतीय नौसेना के भारतीय नौसेना के चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव, इंस्ट्रक्टर कोशिश मौर्य, मनजीत, राजेंद्र गुर्जर, रवींद्र गिरी, करमवीर, कमलेश जोशी, सीनियर कैडेट कैप्टेन शुभम् सिंह, कैडेट कैप्टेन प्रियाँशी, अर्चना वर्मा, तान्या, लवली, साक्षी, आशीष सहित पीओ से लीडिंग कैडेट्स सहित अन्य कैडेट्स मौजूद थे। इसके अतिरिक्त गणेश सिंह नयाल, कमलेश, गोपाल, कमलेश बोरा, दीपक, उमेश पुजारा, संजय तथा उमेश राणा आदि द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया जा रहा है।

## डांठ चौराहे के चौड़ीकरण को लेकर ज्ञापन भेजा



**नैनीताल।** सरोवर नगरी के अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता हरीश सिंह राणा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जिलाधिकारी वंदना सिंह के माध्यम से जनहित में डांठ चौराहे का चौड़ीकरण करवाए जाने हेतु ज्ञापन भेजा है।

हरीश राणा ने बताया कि जिला मुख्यालय नैनीताल में आए दिन यातायात की समस्या बनी रहती हैं। पिछले दो-तीन महीनों से लगातार पर्यटक सीजन में भी अपर माल रोड से लेकर हल्द्वानी रोड एवं भवाली रोड में घंटों तक जाम की समस्या बनी हुई थी। इस समस्या के स्थाई समाधान हेतु तल्लीताल डांठ चौराहे में जीर्ण क्षीर्ण बने हुए डाकघर को जनहित में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। जिससे सभी शहर वासियों एवं पर्यटकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही नैनीताल शहर में आए पर्यटकों के वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भी सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता है।




# व्यापारियों का सुपरटेक माल के खिलाफ प्रदर्शन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

प्रांतीय उधोग व्यापार मंडल के नगर ईकाई अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व व्यापारी एकत्रित होकर सुपरटेक माल कार्यालय पहुंचे।

व्यापारियों ने सुपरटेक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान व्यापारियों ने सुपरटेक पर हिटलरशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब लड़ाई आर-पार की है।

**आरोप**

● व्यापारियों ने लगाया सुपरटेक पर हिटलरशाही का आरोप

अध्यक्ष ने कहा कि शहर के कई व्यापारियों ने सुपरटेक माल है दुकानें बुक कराई और दुकानों का भुगतान भी कर दिया।

लेकिन अभी तक व्यापारियों को दुकानें नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछली बार सुपरटेक प्रबंधक ने दुकानें देने का आश्वासन दिया था। मगर दुकानें नहीं दी गई। व्यापारियों को मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह धरना अनिश्चितकालीन है। व्यापारियों ने सुपरटेक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, संजू बेदी, राजेश चावला, गगन ग्रोवर आदि व्यापारी मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था।

# फिल्मी दुनिया

## लंदन शिफ्ट होने की अफवाहों के साथ पोज देते दिखे विराट-अनुष्का



*बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल में से एक हैं। अभिनेत्री इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। विराट और अनुष्का इन दिनों लंदन में हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों की तस्वीरें वायरल होती रहती हैं। हाल ही में कपल की साथ में तस्वीरें सामन आई हैं। फैंस को दोनों की ये तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इन तस्वीरों में साथ में पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों साथ में खड़े हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में विराट और अनुष्का बांहों में हाथ डाले हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों इस दौरान कैजुअल आउटफिट में दिखाई दे रहे हैं। अभिनेत्री फूलों की प्रिंट वाली कलरफुल ड्रेस पहने हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, विराट कोहली हल्के नीले रंग की टी-शर्ट, बेज शॉर्ट्स और बेज एलए कैप के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों की साथ में ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई हुई हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ एंजॉय करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैंस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की इन तस्वीरों पर खूब कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर दोनों को राजा और रानी बताया है। वहीं, एक अन्य यूजर ने अभिनेत्री की तारीफ करते हुए लिखा, अनुष्का पहले से और भी ज्यादा खूबसूरत हो गई हैं। एक अन्य ने लिखा, बेस्ट कपल। इसके अलावा कई यूजर्स दोनों के लंदन शिफ्ट होने की बात कह रहे हैं।*

### लंदन में अनुष्का के साथ

*विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के फैंस को इस बात का संदेह है कि दोनों लंदन शिफ्ट होने वाले हैं। दोनों के वहां पर होने की वजह से फैंस को और ये लग रहा है कि अनुष्का और विराट अपने दोनों बच्चों वामिका और अकाय को लेकर लंदन चले जाएंगे। विराट ने 2023 में एक ब्रेक लिया और लंदन में अनुष्का के साथ समय बिताया था।*

# कल होगा पहाड़ी अंग्रेज जिम कॉर्बेट पुस्तक का विमोचन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



प्रसिद्ध प्रकृतिविद् व शिकार कथाओं के लेखक एवं नरभक्षी संहारक एडवर्ड जेम्स कॉर्बेट के 149 वें जन्मदिन 25 जुलाई (गुरुवार) को नैनीताल शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रयाग पाण्डे द्वारा लिखित पुस्तक पहाड़ी अंग्रेज जिम कॉर्बेट का नैनीताल में विमोचन होगा।

बता दें कि जीवन पर्यंत जिम कॉर्बेट के निकटतम सहयोगी रहे स्वर्गीय बाबू जगत सिंह नेगी के पौत्र रवींद्र सिंह नेगी इस महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन करेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रो. गिरीश रंजन तिवारी करेंगे जब कि वरिष्ठ पत्रकार गणेश पाठक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक जगमोहन रौतेला पुस्तक को लेकर परिचयात्मक व्याख्यान देंगे वहीं वरिष्ठ पत्रकार ओ.पी. पाण्डे स्वागत भाषण देंगे जबकि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विपिन चंद्रा आभार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन नैनीताल के वरिष्ठ पत्रकार माधव पालीवाल करेंगे। बता दें कि भारत भूमि और भारत के सर्वहारा वर्ग के प्रति जिम कॉर्बेट की हार्दिक आत्मीयता व लगाव एवं अपनेपन को लेकर पहाड़ी अंग्रेज़ जिम कार्बेट हिंदी में लिखी गई पहली पुस्तक है। पहाड़ी अंग्रेज जिम कॉर्बेट पुस्तक के लोकार्पण समारोह में पुस्तक की भूमिका के लेखक विजय तड़ागी समेत नैनीताल, कालाढुंगी, रामनगर, भवाली, भीमताल, चंपावत, लोहाघाट तथा हल्द्वानी आदि क्षेत्रों के जिम कॉर्बेट के प्रशंसक प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम नैनीताल के राज्य अतिथि गृह में दोपहर 12 बजे होगा।

## News कॉर्नर

### डी.आर. पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज की ओर से वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक पेड़ धरती मां के नाम हरेला पर्व अंतर्गत तहत नैनीताल के डी.आर. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में गुरुजनों के साथ ही विशेष रुप से स्कूली बच्चों ने प्राथमिकता से पौधरोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रोपित पौधे के बड़ा होने तक उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस दौरान विमला नगरकोटी, संतोष जोशी वन दरोगा, हेमा बिष्ट वन आरक्षी, ऋषभ पांडे उपनल श्रमिक तथा विनीता फ र्तियाल प्रधानाचार्या तथा शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग अलग-अलग प्रजाति के 20 से अधिक पौधरोपण किया।

### 99 शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया

**नैनीताल।** माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं मंडल के तहत सहायक अध्यापक एलटी के शिक्षकों की स्थानान्तरण में पद स्थापना को लेकर मंगलवार को चौथे दिन 99 शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया गया। अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) लीलाधर व्यास के दिशा निर्देशन में जीजीआईसी नैनीताल के सभागार में मंगलवार को काउंसलिंग के लिए 462 शिक्षकों को काउंसलिंग के लिए आमंत्रित किया गया था,जिसके तहत 99 शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया गया जिसमें दुर्गम से दुर्गम श्रेणी में 97 जबकि सुगम से दुर्गम में दो शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया गया। काउंसलिंग प्रक्रिया को संपन्न कराने में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार भट्ट,निधि रावत,जगमोहन रौतेला,ललित उपाध्याय,मनोज कुमार भट्ट,संजय रौतेला तथा अनुपम दुबे समेत अन्य कर्मी जुटे रहे।

# इंटरैक्ट क्लब ऑफसेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

इंटरैक्ट क्लब ऑफ़ सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी ने रोटरी क्लब के सहयोग से कक्षा 3 से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम हमारे स्कूल परिसर में सुबह लगभग 9 बजे शुरू हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 900+ छात्र नेत्र और दंत जांच शिविर से लाभान्वित हुए।





हमारे विद्यार्थियों को भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और दूसरों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। हम सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को उनके उत्साहपूर्ण समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। इस शिविर का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था बल्कि हमारे छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लक्ष्य को भी सफलतापूर्वक प्राप्त करना था। ऐसी अद्भुत पहल करने के लिए हम अनिल जोशी सर, सुनील जोशी सर, प्रिंसिपल अनीता जोशी और रोटरी क्लब के सभी सदस्यों को विशेष धन्यवाद देना चाहते हैं।

इस अवसर पर हमारे स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, डॉक्टरों की सराहना की गई। भविष्य को देखते हुए हम एक स्वस्थ और खुशहाल स्कूल समुदाय बनाने के लिए इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उत्साहित हैं।

# घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

घर के बाहर खड़ी कार को अज्ञात ने आग के हवाले कर दिया। जब तक कार स्वामी आग बुझाने का प्रयास करता तब कार बुरी तरह से जल चुकी थी। कार स्वामी ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। नवनीत बिष्ट पुत्र जेएस बिष्ट निवासी पीपल पोखरा गजे सिंह फार्म ग्रिल रेस्टोरेंट के सामने चार धाम मंदिर के पास फतेहपुर हल्द्वानी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी कार संख्या यूके04यचू- 5086 घर के बाहर खड़ी की थी। 20 जुलाई की देर रात करीब 2.30 बजे के करीब उसकी आंख खुली तो देखा कि घर के बाहर खड़ी कार में आग लगी हुई। उसे मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का भी प्रयास किया लेकिन कार पूरी तरह से जल गई। जब उसने घटना को सीसीटीवी कैमरे में चेक किया तो एक व्यक्ति उसकी कार के पास आया और उसने अपने साथ लाए गए बैग से कुछ सामान निकाल कर मेरी कार को आग के हवाले कर दिया। कार स्वामी ने आशंका जताई है कि इस घटना को विमला राणा और उनके पति नारायण सिंह राणा निवासी बिठोरिया नं0 1 कुसुमखेडा ने ही अंजाम दिया है या फिर अपने किसी मित्र, रिश्तेदार द्वारा करवाया गया है। आरोप है कि वर्ष 2021 में मेरे ससुर नंदन सिंह राणा (रिटायर्ड सूबेदार निवासी वेंकटेश भवन, एकता एन्क्लेव, रेनबो पब्लिक स्कूल के पास बिठोरिया नं0 1 कुसुमखेडा, हल्द्वानी को अभद्र, अपमानजनक और आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पत्र डाक द्वारा अज्ञात नाम से भेजे जा रहे थे, क्योंकि नंदन सिंह राणा एक वरिष्ठ नागरिक हैं और उनके पुत्र कर्नल नरेंद्र सिंह राणा (थल सेना) उस समय अंबाला में कार्यरत थे। अत: मेरी पत्नी रुपा नवनीत बिष्ट ने इस घटना की लिखित शिकायत हल्द्वानी कोतवाली में की गई थी। पुलिस कार्रवाई के उपरांत, उस प्रकार के डाक पत्र नंदन सिंह राणा को फिर प्राप्त नहीं हुए, परंतु विमला राणा और उसके पति नारायण सिंह राणा ने मुझे और मेरी पत्नी को मौखिक रुप से गाली गलौज की गई और देख लेने तथा सबक सिखाने की धमकी दी थी। पीड़ित ने जान माल का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक अदद चाकू समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को चैकिंग के दौरान एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। बनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गत कर रही थी। पुलिस जब गौलापुल के पास पहुंची तभी वहां पर संदिग्ध हालत में खड़ा युवक पुलिस को देखकर छुपने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक अदद चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना सौरभ आर्या ग्राम देवलातल्ला पजाया बागजाला थाना काठगोदाम बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि में एम. ए भगवदगीता अध्ययन कार्यक्रम शुरू

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 सत्र से एम. ए भगवदगीता अध्ययन कार्यक्रम शुरू किया है। भगवदगीता भारतीय ज्ञानपरम्परा का सार ग्रन्थ है । इसमें समस्त भारतीय चिन्तन परम्परा का ज्ञान निहित है। यह एक निर्विवाद ज्ञानग्रन्थ है, जिसमें ब्रह्मसूत्र, षड्दर्शन, उपनिषद् के ज्ञान के साथ-साथ वैज्ञानिक और सांस्कृतिक ज्ञान समाहित है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मान्य शिक्षा मार्गों , विषयों और विविध ज्ञान-विज्ञान के पक्षों को समाज के सभी वर्गों की शिक्षा के लिए प्रस्तुत करना इस कार्यक्रम का प्रायोजन है। भारतीय विद्याओं के मर्म को पूरी तरह समझकर प्रायोगिक ज्ञान के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व सम्पन्न शिक्षित नागरिक का निर्माण भगवद्गीता के इस कार्यक्रम से सम्भव हो सकेगा। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षार्थी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम का माध्यम हिंदी है जो कि कुल 80 क्रेडिट का है। कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 02 वर्ष एवं अधिकतम 04 वर्ष निर्धारित की गयी है। कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए शिक्षार्थी दिए गए लिंक https://ignouadmission.samarth.edu.in/ पर जाकर programme information पर क्लिक करके विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। शिक्षार्थी हमारे कार्यालय के दूरभाष नंबर 0135-2789200 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# समाजसेवी के प्रयास से कृष्णा को मिली ट्राइसाइकिल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वार्ड-38 तोक पनियाली निवासी कृष्णा राम को समाजसेवी मन्नू गोस्वामी के प्रयास से ट्राई साइकिल मिल गई है।

गोस्वामी ने बताया कि चार साल पूर्व कृष्णा राम के दायें पैर की नशे ब्लॉक हो गयी थी, नशों में इन्फेक्शन हो गया था। इसके कारण पैद अंदर से सड़ने लगा। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण कृष्णा को सही समय पर उपचार नहीं मिल पाया। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों को कृष्णा के पैर को काटना पड़ा। वह लंबे समय से घर पर ही रहकर जिंदगी गुजार रहे हैं। कृष्णा ने उनसे ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का आग्रह किया था।

इस पर मन्नू ने हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश से कृष्णा की मदद करने की बात रखी थी। इधर अब मन्नू के प्रयास से विधायक हृदयेश ने कृष्णा को ट्राइ साइकिल मुहैया करा दी है।



## देर रात चार युवकों में आपसी विवाद

**नैनीताल।** मल्लीताल बाजार क्षेत्र में देर रात युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो युवकों ने बाजार क्षेत्र में हंगामा काट दिया। हंगामे से परेशान लोगों ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस चार युवकों को कोतवाली ले आई। युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात मल्लीताल बड़ा बाजार में चार युवकों में आपसी विवाद हो गया।

# 5.49 करोड़ के प्रस्ताव की स्वाकृति के बाद चौड़ीकरण कार्य

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर में पर्यटन सीजन व पर्यटकों की संख्या बढ़ती देख लोनिवि की ओर से तल्लीताल चौराहे में डिजाइन कर यातायात संचालित किया जा रहा है।

डिजाइन में कुछ कमियां होने के चलते डिजाइन अपडेट करने की भी बात की जा रही है लेकिन वर्तमान में डिजाइन के अनुसार लगे डिवाइडर वाहनों की टक्कर से टूट रहे हैं।

बता दें कि नैनीताल शहर को जाम मुक्त रखने के लिए सात चौराहों का चौड़ीकरण किया जाना है। लोनिवि की ओर से बनाये गए 5.49 करोड़ के प्रस्ताव की शासन की स्वीकृति मिलने के बाद चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था की ओर से तल्लीताल डांठ के लिए बनाया गया डिजाइन यातायात व्यवस्था को संभाल पाएगा या नहीं इसका पहले ट्रायल किया गया।

लगभग दो सप्ताह तक डिजाइन के अनुसार यातायात संचालन करने के बाद डिजाइन में कमियों के चलते लोनिवि की ओर से डिजाइन को अपडेट करने की बात कही गई लेकिन अब तक डिजाइन को अपडेट नहीं किया जा सका है। वहीं बाइकों व कारों की टक्कर से चौराहे में लगे डिवाइडर भी रोजाना टूट रहे हैं। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि जल्द ही डिजाइन को अपग्रेड कर सौंदर्यीकरण का स्थाई कार्य किया जाएगा।

# महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की डॉ हिमानी और डॉ विद्या बने फैकल्टी मेंटॉर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड की अधीन देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात में 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दिनांक 14 जुलाई 2024 से 19 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया था।

इस फैकल्टी मेंटॉर डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रशिक्षण में इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर वाणिज्य महिला महाविद्यालय हल्द्वानी के गृह विज्ञान विभाग से डॉ विद्या कुमारी और अर्थशास्त्र विभाग से डॉ हिमानी ने सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया।इस योजना का लक्ष्य युवाओं में बेरोजगारी की समस्या को कम कर, उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। इससे पलायन रुकेगा तथा स्थानीय रोजगार से उत्तराखंड के उत्पादों को एक नई पहचान मिलेगी।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद में मेन्टॉर्स को देवभूमि उद्यमिता योजना पोर्टल पर चर्चा, साइकोमेट्रिक टेस्ट और स्टार्टअप अवसरों की पहचान जैसे उद्यमिता के विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई ,साथ ही मेंटर्स को इस बात के लिए भी प्रेरित किया गया कि वह अपने महाविद्यालय में जाकर छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित करेंगे तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंगे। इसमें बीस सूत्रीय एजेंड़े की चर्चा भी की गई।देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना निदेशक डॉ अमित कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए संकाय सदस्यों को कौशलयुक्त करना है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष पहले प्रशिक्षण में 32 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। श्रष्ठद्धु हर साल उच्च शिक्षा विभाग के 90 फैकल्टी सदस्यों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी , प्रो शशि पुरोहित एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने डॉ विद्या कुमारी और डॉ हिमानी को उनके चयन एवं प्रशिक्षण के लिए बधाई दी ।